भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3187**

जिसका उत्तर 18.12.2025 को दिया जाना है

**पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय राजमार्गों पर पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) की व्यवस्था**

3187. श्री खलीलुर रहमान:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय राजमार्ग के पूरे खंड पर पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) की व्यवस्था है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो राजमार्ग के कितने किलोमीटर पर पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) की व्यवस्था नहीं है और उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) राजमार्ग के पूरे खंड पर पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) लगाये जाने की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) पश्चिम बंगाल राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की 676 किमी लंबाई पर पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) की व्यवस्था है।

(ख) 3120 किमी लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं है।

(ग) राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल प्लाजा क्षेत्रों, विश्राम क्षेत्रों, ट्रक ले-बाय, बस बे और बस शेल्टर, ग्रेड-सेपरेटेड संरचनाओं, इंटरचेंज, फ्लाईओवर, अंडरपास, ओवरपास और निर्मित खंडों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था प्रदान की जानी है। मौजूदा मानदंडों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों की पूरी लंबाई में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था अपेक्षित नहीं है।

*****